**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4062**
**उत्तर देने की तारीख 12 अगस्त, 2026**

**दिल्ली और मुंबई में 5G सेवा**

**4062. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बीएसएनएल द्वारा दिल्ली और मुंबई में 5जी सेवाएं शुरू किए जाने की संभावना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है;

(ख) क्या महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड अभी भी दिल्ली में काम कर रहा है या इसे बीएसएनएल में बदल दिया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है;

(ग) वर्तमान में दिल्ली में एमटीएनएल के लैंडलाइन और मोबाइल ग्राहकों का ब्यौरा तथा उनकी संख्या कितनी है; और

(घ) क्या दिल्ली और मुंबई में 5जी सेवाओं के शुरू होने के बाद मोबाइल ग्राहकों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है?

उत्तर

**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

**(क)** आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के अनुरूप, दिनांक 31.07.2026 तक बीएसएनएल ने योजनाबद्ध एक लाख साइटों में से दिल्ली और मुंबई सहित पूरे भारत में 98,557 स्वदेशी 4जी साइटें संस्थापित की हैं, जिनमे से 97,213 4जी साइटें ऑन-एयर हैं। प्रौद्योगिकी की दृष्टि से ये उपकरण 5जी में उन्नयन करने योग्य हैं।

**(ख) और (ग)** दिल्ली में एमटीएनएल प्रचालन कार्य चला रहा है और दिनांक 31.03.2026 तक दिल्ली में एमटीएनएल के कुल 5,71,748 लैंडलाइन ग्राहक और 1,33,080 मोबाइल ग्राहक हैं।

**(घ)** दिल्ली और मुंबई में 5जी सेवाओं की शुरूआत से मोबाइल ग्राहकों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, दिल्ली और मुंबई के सेवा क्षेत्रों में एक विशिष्ट फ्रेंचाइजी नेटवर्क स्थापित किया गया है। सिम - सेलिंग प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, जिससे इन क्षेत्रों में सिम की बिक्री और ग्राहक संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

*****